# निवेश जुटाने में मेरठ मंडल अब तक अव्वल

## लखनऊ शीर्ष पांच में

- 7.16 लाख करोड़ की परियोजनाएं भूमि पूजन के लिए तैयार
- मेरठ मंडल से ही तैयार 2.55 लाख करोड़ की परियोजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के क्षेत्रवार प्रयासों में मेरठ मंडल शेष सभी मंडलों को पीछे छोड़ता दिखाई दे रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तय लक्ष्य 15 लाख करोड़ रुपये के सापेक्ष अब तक प्राप्त 7.16 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में से एक तिहाई से अधिक की भागीदारी सिर्फ मेरठ मंडल व उससे संबंधित जिलों की है।

मेरठ मंडल से संबंधित छह जिलों में फिलहाल 2.55 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार हैं। इनमें सर्वाधिक निवेश गौतमबुद्ध नगर में हो रहा है। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में निवेश को लेकर उद्यमियों का अलग-अलग रुझान देखने को मिला है। मेरठ मंडल के बाद शीर्ष पांच मंडलों में झांसी, मीरजापुर, लखनऊ



और वाराणसी शामिल हैं।

### मंडलवार परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार

मंडलवार बात की जाए तो मेरठ मंडल में सर्वाधिक 2,55,097 करोड़ रुपये, इसके बाद झांसी मंडल में 91,128 करोड़, मीरजापुर मंडल में 85,104 करोड़, लखनऊ मंडल में 48,770 करोड़, वाराणसी मंडल में 37,372 करोड़, बरेली मंडल में 35,322 करोड़, अयोध्या मंडल में 23,921 करोड़, आगरा मंडल में 23,706 करोड़, कानपुर मंडल में 22,992 करोड़, मुरादाबाद मंडल में 17,833 करोड़, प्रयागराज मंडल में 17,780 करोड़, गोरखपुर मंडल में 15,600 करोड़, सहारनपुर मंडल में 12,413 करोड़, अलीगढ़ मंडल में 9,873 करोड़, चित्रकूट मंडल में 9,213 करोड़, देवीपाटन मंडल में 3,954 करोड़, आजमगढ़ मंडल में 3,400 करोड़ और बस्ती मंडल में 3,018 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं।

यह और उप्र की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें